पंजाब केसरी 22/02/2025

# कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता




जी.एम.एन. कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

अम्बाला, 21 फरवरी (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग, मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र और मानसिक स्वास्थ्य क्लब ने शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अनुपमा सिहाग ने बताया कि यह प्रतियोगिता मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाने, छात्रों को कला के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अपने विचारों एवं भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करने और रचनात्मकता एवं आत्म अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 23 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर केंद्रित थी, जिसमें तनाव और चिंता, अवसाद और अकेलापन, आशा और लचीलापन तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शामिल थी।

प्रतियोगिता में डा. शिखा जग्गी और डा. मीनू राठी निर्णायक रहीं। पहले स्थान पर रिंकी, दूसरे स्थान पर मनप्रीत और तीसरे स्थान पर रिया रही। पेंटिंग्स का मूल्यांकन रचनात्मकता और मौलिकता, तकनीक और कौशल तथा विषय की प्रासंगिकता के आधार पर किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विभाग के प्रयासों की सराहना की और छात्रों और प्रतिभागियों को बधाई दी। यह पेंटिंग प्रतियोगिता एक सफल आयोजन था, जिसने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया और छात्रों के बीच रचनात्मकता और आत्म अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रयोगशाला सहायक अनिल कुमार मौजूद रहे।